१०५. **ज्ञात**—अवगत, चीन्हाजाना, जाना, जानाबूझा, ज्ञप्त, ज्ञात, परिज्ञात, परिचित, पहचाना, पहिचाना, प्रतिपन्न, प्रतीत, मालूम, समझा, समझाबूझा ।

१०६. **अज्ञात**—अनजाना, अनवगत, अपरिचित, नामालूम ।

१०७. **समझ में आने योग्य**—ज्ञातव्य, ज्ञानगम्य, ज्ञानगोचर, ज्ञेय, बोधगम्य ।

१०८. **चर्चा**—जिक्र, तज़किरा, बात ।

१०९. **पूछना**—ज्ञात करना, ज्ञान प्राप्त करना, दरियाफ्त करना, पूछताछ करना, मालूम करना ।

११०. **पहचानना**—अभिज्ञ होना, चीन्हना, जानना, ज्ञात करना, परिचय करना, परिचय पाना, परिचित होना, बूझना, मालूम करना, पहचानना, लक्षण जानना, वाकिफ होना, समझना ।

१११. **जानकार**—अभिज्ञ, जानपहचानी, ज्ञाता, ज्ञानवान, ज्ञानवृद्ध, ज्ञानी, तज्ञ, तत्त्वविद, परिचित, पारंगत, मुलाकाती, वाकिफ, विज्ञ, वित, विद् । दे० 'बुद्धिमान' ।

११२. **अज्ञानी**—अज्ञ, अज्ञानी, अजान, अनचीन्हा, अनजान, अनभिज्ञ, अनाड़ी,

नादान, नावाकिफ़, नासमझ, भोलाभाला, मूर्ख, सीधासादा । दे० 'बुद्धिहीन' ।

११३. अपरिचित—अजनबी, अनजाना, अपरिचित, बिराना ।

११४. पहचान—चिन्ह, चिन्हानी, जानपहचान, निशान, निशानी, परिचय, लक्षण, लच्छन, चिह्न ।

११५. पहचनवाना-चिन्हवाना, चिन्हाना, चनवाना, बतलाना ।

११६. जान पहचान—चिन्हारी, चीन्ह-पहचान, जान पहिचान, परिचय ।

११७. परिचय—जानकारी, जानपहचान, वाक़फ़ियत ।

११८. पूछ—ज्ञात, दरियाफ़्त, मालूम ।

११९. पूछपाछ—जिज्ञासा, जिरह, पूछ, पूछपाछ, पूछताछ, पूछाताछी, पूछापाछी, प्रश्न, सवाल ।

१२०. ज्ञापक—अभिधायक, परिचायक, बोधक, विज्ञापी, सूचक ।

१२१. ज्ञापित—आज्ञापित, विज्ञप्त, विज्ञापित, सूचित ।

१२२. विज्ञापन—इश्तहार, घोषणापत्र, प्रकाशकीय, प्रज्ञप्ति, विज्ञप्ति, सूचना, सूचनापत्र ।

१२२. रत—अंतर्लीन, अनुरक्त, आसक्त, युक्त, डूबा, डूबा हुआ, तन्मय, तल्लीन, दत्तचित्त, निरत, फँसा, बझा, मगन, मग्न, मशगूल, मुग्ध, मोहित, रंजित, रत, लगा, लग्न, लट्टू, लवलीन, लहालोट, लिप्त, लीन, विरत, विलीन, व्यस्त ।

१२३. विरक्त—अननुरक्त, अनासक्त, उचाट, उदास, उदासीन, पराङमुख, विमुख, हटा ।

१२३. अ विरक्त करना—उचाटना, चौंकाना, भिझकाना, जी हटाना, डराना, भड़काना, भिड़काना, विचलित करना ।

१२३. ब अभिरुचि—इच्छा, पसन्द, प्रवृत्ति, मन, रुचि ।

१२४. रत होना—आसक्त होना, डूबना, तन्मय होना, निमज्जित होना, प्रलिप्त होना, प्रसक्त होना, मग्न होना, रँगना, राचना, लगना, लिप्त होना, लवलीन होना, लीन होना, विलीन होना ।

१२५. विरक्त होना—अननुरक्त होना, अलग होना, उचटना, उचाट होना, खटकना, जी हटना, दूर होना, विरक्त होना, विरक्ति होना ।

१२६. विरक्त करना-अननुरक्त करना, अलग करना, उचाटना, उच्चाटन करना, जी हटाना, दूर करना, विरक्त करना ।

१२७. अनुरक्ति-आसक्ति, तन्मयता, निरतता, लगन, लवलीनता, लिप्तता, लीनता ।

१२८. विरक्ति--अनमनापन, उचाट, उचाटी, उच्चाटन, उदासीनता, चित्तभंग, विरक्ति ।

१२९. उचाटना-उचाट करना, उचाटना, उच्चाटन करना, उदासी करना, जी हटाना, विरक्त करना, विरक्ति लाना, हटाना, उच्चाटित करना ।

१३०. ललचना—इच्छा करना, उत्कंठित होना, चाहना, तरसना, तृषित होना, नोकना, मोहना, मोहित होना, लटना, ललकना, ललचना, ललाना, लालच करना, लालायित होना, लुभाना, लोभ करना, लोभना, विमोहना, विहाना, हुलसना ।

१३१. लालच-आमिष, ईहा, तृषा, तृष्णा,

लालच, लिप्सा, लोभ, लोभपना, लोलुपता, हवस, हिरस, हिर्स।

१३२. लालची–ललचहा, लालची, लुबुधा, लुब्ध, लिलोही, लोभी, लोलुप।

१३३. धैर्य–आश्वास, आश्वासन, इतमिनान, कनायत, कल, खातिरी, चैन, ढाढ़स, ढारस, तसल्ली, दमदिलासा, दिलजमई, दिलासा, धीर, धीरज, धीरता, धीरा, धृति। बोध, सान्त्वना, शांति, संतुष्टि, संतोख, सतोष, सबर, सब्र, स्थैर्य।

१३४. अधैर्य—अशांति, असतोष, असतुष्टि, क्षोभ।

१३५. धैर्यवान—आश्वस्त, इतमिनानी, ढाढ़सी, दृढ़, धैर्यशील, साबिर।

१३६. लाचार–अधीन, आजिज़, परबस, परेशान, विवश।

१३७. लाचारी–अधीनता, अनधिकार, परबसता, परेशानी, बेबसी।

१३८. चाह–अभिरुचि, अभिलास, अभिलाष, अभिलाषा, अरमान, आकांक्षा, आरज़ू, आस, इच्छा, इषा, ईछा, ईप्सा, इष्टि, ईषना, ईहा, उत्कंठा, कांक्षा, कामना, ख्वाहिश, चाव, छंद दोहद, वाञ्छना, वांछा, मनोरथ, मोह, रुचि, ललक, लालच, लालसा, लिप्सा, वाञ्छा, साध, स्पृहा, हवस, हविश, हसरत।

विलोम—दे० 'घृणा'।

१३९. चाहना–अनुरागना, अभिलाखना, इच्छना, ईछना, ईठना, चाहना, चूमना, चाटना, दुलारना, पुचकारना, प्रेम करना, प्यार करना, रातिवाना, स्नेह देना, लाडना। दे० 'प्यार करना'।

विलोम—दे० 'घिनाना'।

१४०. चाहनेवाला—अभिलाषी, आकांक्षक, आकांक्षी, इच्छु, इच्छुक, उत्कंठित, उत्सुक, कांक्षी, कामी, कामुक, ख्वाहिशमंद, चाही, तृषित, लालची, लालसी, शायक।

१४१. जिसमें किसी भी प्रकार की चाह न हो—अकाम, अचाह, इच्छाविहीन, कामना रहित, चाहशून्य, निरीह, निष्काम, निष्प्रेही, निस्पृह।

१४२. चाहा हुआ—अभिलषित, अभीप्सित, अभिप्सित, अभीष्ट, आकांक्षित, इच्छित, इप्सित, वांछित, वांछित।

१४३. अनचाहा—अनभिलषित, अनभीष्ट, अनाकांक्षित, अनिच्छित।

१४४. चाहने योग्य—वाञ्छनीय, स्पृहणीय।

१४५. प्यार—अनुराग, अपनत्व, अपनापन, आशनाई, आसक्ति, इश्क, उन्सियत, उल्फत, चाह, चाहना, दुलार, प्यार, प्रणय, प्रीति, प्रेम, प्रेमभाव, ममता, ममत्व, रति, रस, राग, मोह, मोहब्बत, रुचि, लगाव, लौ, लाड़, लाड़प्यार, वात्सल्य, स्नेह, हेतु।

१४६. वात्सल्य—वात्सल्य, सौहार्द, स्नेह, हृदयद्राव।

१४७. भक्ति—अनुराग, प्रेम, भक्ति, भजनरति, भजनासक्ति।

१४८. घृणा—अचाह, अनिच्छा, अप्रियता, अरुचि, आर, घिन, चिढ़, जुगुप्सा, नफ़रत, नीठि, विरक्ति।

१४९. घिनाना—घिन करना, घिनाना, घृणा करना, छिः छिः करना, जुगुप्सा करना, थू थू करना, बुरी बुरी करना,

नफ़रत करना, निंदा करना, मुँह फेरना, मुँह सिकोड़ना, राम राम करना।

१५०. अंकमाल—अंकमाल, अंकमालिका, अँकवार, अकोरी, प्रेमालिंगन।

१५१. प्यार करना—आसक्ति रखना, चाहना, दिल देना, दिल मे रखना, दुलराना, दुलारना, पुचकारना, मानना, लाड़ प्यार करना। (प्यार) के पर्यायों में 'करना' जोड़कर और भी शब्द बनाए जा सकते हैं। दे० 'चाहना'।

१५२. लिपटाना—अंक भरना, अंग लगाना, अंकवारना, अँकवार देना, अँकवारी देना, अंक भरना, अँकवार भरना, अँगेजना, आलिंगन करना, आलिंगना, आलिंगित करना, गले लगना, गले मिलना, चिपकाना, चिपटाना, छाती से लगाना, जुटाना, जोड़ना, भिड़ना, भेंटना, मिलना, लपटना, सटना, सीने से लगाना।

१५३. प्यार करने वाला—आसक्त, उल्फ़ती, चाही, प्रणयी, प्रेमी, मोहब्बती, स्नेही।

१५४. घृणित—गंदा, गर्हित, घिन, घिनहा, घिनवना, घिनावन, घिनौना, धृणित, जुगुप्सित, निन्द्य, बीभत्स, बुरा, विकृत।

१५५. प्यारा—चाहा, चितचोर, दिलबर, दिलरुबा, दुलारा, प्रिय, प्राणजीवन, प्राणधन, प्राणनाथ, प्राणपति, प्राणप्यारा, प्राणवल्लभ, प्राणाधार, प्राणाधिक, प्राणेश्वर, प्रिय, प्रियतम, प्रियवर, प्री, प्रीतम, वल्लभ, भावा, भावता, मनभावता, रमण, लड़ैता, लाल, लालित, सनम, सुभग, हृदयेश, हृदयेश्वर।

१५६. प्यारी—चहेती, जनिया, जानी, दिलजानी, दिलरुबा, दुलारी, प्राणप्यारी, प्राणवल्लभा, प्रिया, प्रियतमा, प्रीतमा, प्रेयसि, प्रेयसी, वल्लभा, रवनि, हृदयेश्वरी।

१५७. श्रद्धा—आदर, प्रेम, श्रद्धाभाव, सम्मान, सरधा।
दे० 'इज्ज़त'।

१५८. श्रद्धालु—श्रद्धायुक्त, श्रद्धावान, श्रद्धास्पद, श्रद्धी।

१५९. निंदा—अपकीरति, अपकीर्ति, अपचार, अपयश, अपवाद, अपस्तव, अयश, आक्षेप, आक्रमण, उपहास, कु, कुख्याति, गर्हण, धिक, बदगोई, बदनामी, भर्त्सना, शिकायत।

१६०. निंदित—अपकृत, अपमानित, आक्षिप्त, कलंकित, गर्हित, जुगुप्सित, बदनाम।
दे० 'बेइज्ज़त', 'बदनाम'।

१६१. निंदनीय—कुत्सित, गर्हणीय, गर्ह्य, निंद, निंदनीय, निंद्य, नीच, बुरा।

१६२. निंदक—अपवादक, अपवादी, चबाई।
दे० 'चुगलख़ोर'।

१६३. चुग़लख़ोर—कर्णेजप, चबाई, चुगला, चुगुला, नारद, पिशुन, लुतरा, सूचक।

१६४. चुग़लख़ोरी—चुग़लख़ोरी, चुग़ुली, पिशुनता, पैशुन्य, लगाना-बुझाना, लुतराई, लुतरई।

१६५. चुग़ली करना—इधर का उधर करना, चुग़ली खाना, नारद का शिष्य

होना, नारद होना, लगाना, लगाना-बझाना ।

१६६. प्रणाम—अभिवंदन, अभिवदना, अभिवादन, आदाब, आदाबरज, आदाबेअरज, जयनागरी, जयभारत, जयश्री, जयस्वदेश, जयहिंद, जयहिंदी, दंडवत, नमन, नमस्कार, नमस्तुभ्यम्, नमस्ते, प्रणति, प्रणाम, बंदगी, रामराम, वंदे, सलाम ।

विलोम—'अनादर' ।

१६७. प्रणाम करना—अभिवादन करना, आदाबरज़ करना, गोड़ लगना, जैराम करना, जैहिंद करना, नमन करना, नमना, नमस्कार करना, नमस्ते करना, प्रणाम करना, पलग्गी करना, पावलगी करना, पैर छूना, प्रणमना, राम राम करना, बंदे करना, सर झुकाना, सलाम करना, हाथ उठाना, हाथ जोड़ना ।

१६८. आदरना—आदर करना, आदर देना, आदरना, आवभगत करना, इज़्ज़त करना, सत्कार करना, समादृत करना, सम्मान करना ।

१६९. अनादर करना—अनरना, अनादर करना, अनादृत करना, अपमान करना, अपमानना, अवज्ञा करना, अवमान करना, अवमानना, अवहेला करना, अवहेलना करना, तिरस्कार करना, निदरना, निरादर करना ।

१७०. आशीर्वाद—असीस, असीस, आशिष, आशीः, आशीर्वचन, आशीर्वाद, दुआ, शुभवचन ।

१७१. असीसना—असीस देना, असीसना, आशीर्वाद देना, दुआ देना, शुभकामना देना, शुभाशीश देना ।

१७२. शाप—अकृपा, अभिशाप, अभिसपात, अवग्रह, आक्रोश, कोप, गाली, बद्दुआ, शाप, श्राप, सराप, साप ।

१७३. आशीर्वाद देना—अशंसना, खुश रहो कहना, दुआ करना, दुआ देना ।

१७४. शाप देना—अभिसापना, आक्रोशित करना, कोसना, कोसना काटना, कोसाकाटी करना, पानी पी पी कर कोसना, बदकारना, बुरा भला कहना, शाप देना, श्राप देना, सरापना, हूमना ।

१७५. शापित—अभिशप्त, अभिशापित, शापग्रस्त, श्रापित, सापित ।

१७६. प्रार्थना—अनुनय, अनुनय-विनय, अरज, अर्ज़, इल्तजा, इस्तदआ, इस्तदुआ, निहोरा, प्रशस्ति, निवेदन, मनौती, मिनति मिन्नत, विनती, विनय ।

१७७. लिहाज़—अदब, इज़्ज़त, ख़्याल, ध्यान, लेहाज ।

१७८. राज़ी होना—मंज़ूर करना, मान जाना, मानना, स्वीकार करना स्वीकृति देना, हामी भरना ।

१७९. ग्रहण—अंगीकार, उपराग, ग्रह, ग्रहन, ग्रसन, ग्रास, मंज़ूर, स्वीकार ।

१८०. त्याग—अस्पृहा, तर्क, त्यजन, त्याग, निर्वेद, निस्पृहा, परित्याग, वर्जन, बहिष्कार, बैराग वैराग्य ।

१८१. त्यागी—अतान, त्यागक, निर्लेप, निस्पृह, बहिष्कारी, विरक्त, विरागी, बैरागी, वैराग्यप्राप्त ।

१८२. त्यागना—अलग करना, अस्वीकार करना, छोड़ना, ढील देना, ढीलना,

तजना, तर्क करना, तर्कना, त्याग करना, दूर करना, बदल जाना, पृथक् करना, मुख मोड़ना, हट जाना, हटना।

१८३. अँगवाना—अँगवाना, अंगीकरण करना, अंगीकार करना, अंगेजना, अंगेरना, अएरना, उठाना, ओढ़ना, गहना, ग्रहण करना, धारण करना, धारना, झेलना, बरदाश्त करना, मंजूर करना, सहन करना, सहना, सिर पर लेना, स्वीकार करना।
दे० 'स्वीकार करना'।

१८४. राजी—अनुकूल, तैयार, रज़ामद, सम्मत, सहमत।

१८५. जो राजी न हो—असम्मत, असहमत, ख़िलाफ़, प्रतिकूल।

१८६. स्वीकार करना—अंगीकार करना, अपनाना, ग्रहण करना, पाना, प्राप्त करना, मंजूर करना, मानना, लेना।
दे० 'अँगवना'।

१८७. इनकार करना—अस्वीकार करना, इन्कार करना, नकारना, न मानना, नामजूर करना, नाहीं करना, मुकरना।
दे० 'छोड़ना'।

१८८. स्वीकार—अंगीकार, ग्रहण, मंजूर, स्वीकृत।

१८९. इनकार—अनंगीकार, अस्वीकार, अस्वीकृत, नकार, नामजूर, नाहीं।

१९०. स्वीकार्य—अंगीकार्य, अत्याज्य, ग्रहणीय, ग्राह्य।

१९१. अस्वीकार्य—अनंगीकार्य, अग्रहणीय, अग्राह्य, त्याज्य, परित्याज्य, वर्ज्य।

१९२. गृहीत—अपनाया, ग्रहणित, मंजूर।

१९३. त्यक्त—छोड़ा, परित्यक्त, बहिष्कृत।

१९४. स्वीकृति—इजाज़त, परवानगी। मंजूरी, रज़ामंदी, राय, सम्मति, सही, हाँ।

१९५. दान—अंहति, अतिसर्जन, अपवर्जन, अर्पण, उपसर्ग, उत्सर्जन, ख़ैरात, ज़कात, त्याग, दानशीलता, दाय, निर्वपन, प्रतिपादन, प्रदान, प्रदेशन, प्रादेशन, बलिदान, मुक्त, विहापित, विसर्ग, विसर्जन, स्पर्श, स्पर्शन।

१९६. माँगना—उधार लेना, जाँचना, जाचना, मँगनी लेना, याचना, याचना करना।

१९७ दान लेना—दान लेना, प्रतिग्रहना, परिग्रहना।

१९८. लेना—उद्धृत करना, ग्रहण करना, हथियाना, हस्तगत करना।

१९९. देना—अर्पण करना, अर्पित करना, चरणों पर रखना, थमाना, प्रदान करना, समर्पित करना, सौंपना।

२००. दानपात्र—दानव्य, दानपात्र, दानार्ह, देने योग्य।

२०१. दानी—उदार, दयालु, द, दाता, दातार, दानकर्त्ता, दानवीर, दानशील, दानशौंड, दानसागर, दानीय, दायक, दारु, दिवैया, देनेवाला, देवा, देवाल, प्रद, प्रदाता, प्रदायक, प्रदायी, बहुप्रद, महान्, महाशय, वदन्य, वदान्य।

विलोम—दे० 'कंजूस'। 'भिखारी'।

२०२. सावधान—ख़बरदार, चैतन्य, चौकन्ना, चौकस, सचेत, सचेतन, सजग, सतर्क, सुचेत, होशियार।

२०३. असावधान—अंध, अचेत, असतर्क, उन्मत्त, ग़ाफ़िल, बेख़बर, बेसुध, संज्ञाहीन।

२०४. सावधानी—ख़बरदारी, चौकसाई, चौकसी, सतर्कता, सावधानता, होशियारी।

२०५. असावधानी—असावधानता, गाफ़िली, बेख़बरी, बेपरवाही, लापरवाही।

२०६. सावधान होना—कान खड़ा होना, बिचकना, बिजुकना, भड़कना, सचेत होना, सतर्क होना, होश में आना, होशियार होना।

२०७. असावधान होना—कान में तेल डालकर पड़ा होना, लापरवाह होना, सोना। 'असावधान' के पर्यायों में 'होना' तथा 'असावधानी' के पर्यायों में 'में रहना' आदि जोड़कर और भी शब्द बन सकते हैं।

२०८. सावधान कराना—चिताना, चेत कराना, चेताना, चेतावनी देना, चैतन्य करना, चौकस करना, जतलाना, जताना, बतलाना, बताना, याद दिलाना, सचेत करना, सतर्क करना, सावधान करना, सूचित करना, स्मरण दिलाना, होश दिलाना, होशियार करना।

२०९. साहस—जिगर, जावट, पुरुषार्थ, हिम्मत, हियाव। साहसी के लिए दे० 'उत्साही'।

२१०. दुस्साहस—अशालीनता, ढिठपना, ढिठाई, धृष्ठता।

२११. उमगना—उत्साह में होना, उत्साहित होना, उमगना, उमगित होना, जोश में आना।

२१२. उत्साह—उछाह, उफनन, उफान, उबाल, उमंग, उमग, उमगन, उमाह, उलास, उल्लास, चाव, जोश, जोशखरोश, ढाढ़स, ढारस, प्रोत्साह, पराक्रम, बाहुबल, साहस, हिम्मत, हियाव, हुलास, हौस, हौसला।

दे० 'साहस'।

२१२. अ आशा—आश, आस, आसा, आसरा, उमेद, उम्मीद, भरोसा।

२१२. आ निराशा—नाउम्मेदी, निराशता, नैराश्य, बेआसा, बेभरोसा, हरास।

२१३. नाउम्मेदी—उत्साहहीनता, ढाढ़सहीनता, निराशा, हताशता, हतोत्साहता।

२१४. उत्साही—उछाही, दिलचला, दिलावर, दिलेर, पराक्रमी, साहसिक, साहसी, हिम्मतवर, हिम्मती, हौसलामंद।

२१५ नाउम्मेद—उत्साहहीन ठंडा, नाउमेद, निराश, निराशी, निरास, हलस, हताश, हतास, हतोत्साह।

२१६. प्रेरणा—उत्तेजना, उत्साह, प्रोत्साहन, बढ़ावा।

२१७. प्रेरणा देना—उत्तेजित करना, उत्साह बढ़ाना, उत्साहित करना, उमकाना, प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना।

२१८. प्रेरक—उत्तेजक, उत्साहक, प्रोत्साहक।

२१९. मरदाना--ऊर्जस्वी, पौरुषयुक्त, वीर्ययुक्त, वीर्यस्वी, मर्द, सपौरुष।

२२०. नपुंसक—क्लीब, कापुरुष, किंनर, नामर्द, मुख़न्नस, पुंसत्वहीन, वर्षवर, शंढ, षंढ, सर्द, हिजड़ा, हीजड़ा।

२२१. मरदानगी—आदमियत, इनसानियत, पुंसत्व, पुरुषत्व, पौरुषत्व, मरदई, मरदानगी, मर्दुमी।

२२२. नपुंसकता—क्लीबत्व, क्लीवता, नपुंसकत्व, नामर्दी, हिजड़ापन।

२२३. आदमियत—इनसानियत, मनुष्यता, मनुष्यत्व, मर्दुमी।

२२४. चिंता—अंतर्भावना, अंदेशा, अंदोह, अटक, अनमन, अवसेर, आधि, आध्या, आध्यान, आवर्त, उलझन, उत्कंठा, उद्वेग, कातरता, खभार, खटक, खटका, खुटका, चिंत, चिंतन, चिंतना, चिंतिया, ठठ, तरद्दुद, तशवीश, त्रास, दुचितई, दुचिताई, दुविधा, ध्यान, परवा, परवाह, परिभावना, फिक्र, फ़िराक, भय, भावना, विषाद, विसूर, शंका, शोच, सुरति, सोच, स्मृति, हराम, हूक।

विलोम—'शांति'।

२२५. चिंता करना—चिंतना, चिंतित होना, फ़िकर करना, फिक्र करना, शोक करना, सोगना, सोच करना, सोचना।

विशेष—'चिंता' के पर्यायों में 'करना' या 'में पड़ना' आदि जोड़ कर 'चिंता करना' के और भी पर्याय बनाए जा सकते हैं।

२२६. चिंतित—अंतर्मन, अकल, अचेत, अधीर, आकुल, आकुलित, आतुर, उद्विग्न, क्षोभित, खिन्न, गहवर, चिंताकुल, चिंताग्रस्त, चिंतातुर, चिंतायुक्त, दुचित, दुचिता, दुदिला, दोचित, दुर्मन, फ़िक्रमंद, फिक्रमस्त, बिकल, बेकल, बेक़रार, विकल, विक्षिप्त, व्यग्र, व्यस्त, व्याकुल, व्याकुलचित्त, शंकाकुल, संभ्रांत।

२२७. निश्चिंत—अचिंत, अचिंतित, अचीता, अलमस्त, असोच, आज़ाद, निचिंत, निर्भय, निशंक, बेपरवाह, बेफ़िक्र, शोचरहित, लापरवाह, सुचित। दे० 'मस्त'।

२२८. निश्चिंतता—आज़ादी, चिंताविहीनता, बेपरवाही, बेफ़िक्री, मस्ती, लापरवाही, सुचिताई।

२२९. शंका—अंदेशा, आशंका, अनिर्णय, डर, त्रास, दगदगा, दुचितई, दुचिताई, भय, शक, शुबहा, संदेह, संशय, संस, ससई, सुबहा।

२३०. संदिग्ध—अनिश्चित, संदेहपूर्ण, संशयात्मक।

२३१. दुविधा—अंदेशा, असमंजस, आगापीछा, दुबिध, पशोपेश, वहम, संकोच, हिचक, हिचकिचाहट।

२३२. हिचकिचाना—अटकना, अटपटाना, आगापीछा करना, कसमसाना, दबना, झेंपना, पशोपेश में पड़ना, रुकना, संकोच करना, संकोचना, सकुचना, सकुचाना, संदेह में पड़ना, संशयित होना, सिटपिटाना, हिचकना, हिचकिचाना।

२३३. भय—अंदेशा, आंतक, अकबक, आतंक, खरखशा, खभार, खौफ़, डर, दगदगा, दहशत, भय, भित्त, भी, भीति, भीरुता, भीरुताई, भै, शंक, शंका, संकोच, संशय।

२३४. भयभीत होना—अपडरना, आतंकित होना, कँपना, कँपकँपाना, काँप उठना, काँपना, खौफ़ करना, डरना, त्रसना, डेराना, त्रास खाना, धड़कना, थरथराना, थर्राना, दहलना, दहलना, दहशत खाना, भभरना, भय खाना, भयभीत होना, भयाकुल होना, भयाना, भीरना, भभहरना, शंकना, शंकाकुल होना, शंकित होना, संकुचित होना,

संत्रस्त होना, सशंकना, सशंकित होना, स्तंभित होना, सहमना, सहरना, सहराना, सिहरना, हहरना ।

२३५. भयभीत करना—आशंकित करना, कँपाना, डरपाना, डरवाना, डेरवाना, डेराना, त्रसना, त्रासना, धमकाना, भभराना, भहराना, संकाना, सशंकना, सशंकित करना, सहमाना ।

२३६. आँख दिखाना—आँख भौं चढ़ाना, आँखें दिखाना, घुड़कना, घूरना, तरेरना, तीक्ष्ण दृष्टि से देखना, त्योरी चढ़ाना, त्योरी बदलना, लाल आँखे करना ।

२३७. भयभीत—आतंकित, कंपित, कातर, क्षोभित, चकित, चौकन्ना, त्रसित, त्रस्त, त्रासित, भयभीत, भयाकुल, भयातुर, भीत, भीर, भीरु, भैहा, शंकित, सशंक, सशंकित, हौलदिल ।

२३८. हौआ—कराऊँ, गो गो, जूजू, भकाऊँ, हाऊ, हौवा ।

२३९. भीरु—आधादिल, कातर, कायर, क्रूर, डरपोक, डरपोक, बुज़दिल, बेहिम्मत, हिम्मतहीन ।

२४०. निर्भय—अक्खड़, अक्षोभ, अडर, अदंड, अपभय, अभय, अशंक, आज़ाद, निडर, निर्भय, निर्भीक, निर्भीत, निःशंक, प्रगल्भ, बेख़ौफ़, बेधड़क, साहसिक, हिम्मतवर, हिम्मती ।

२४१. भीरुता—कातरता, कायरता, क्रूरता, क्रूरपन, डरपोकपन, बुज़दिली, भीरुता, भीरुताई ।

२४२. निर्भयता—अपभय, निडरपन, निडरपना, निर्भीकता, बेख़ौफ़ी, साहस, हिम्मत ।

२४३. भयानक—अघोर, उग्र, कराल, कराली, क्रूर, ख़तर, ख़ूँख़ार, ख़ौफ़नाक, घोर, चंड, डरावना, प्रचंड, बिकरार, विकराल, भयंकर, भयद, भयप्रद, भयान, भयानक, भयावन, भयावह, भीम, भीषण, भीष्म, भैजन, भैदा, भैरव, रुद्र, रोमहर्षण, लोमहर्षण, विकट, विकराल, हौलनाक ।

२४४. भयहारी—भयनाशक, भयमोचन, भयहरण ।

२४५. काँपना—कँपना, काँपना, घबड़ा जाना, डर जाना, थरथराना, थर्राना, विकंपित होना, सिहरना, हहरना ।

२४६. धमकी—घुड़की, डपट, डाँट, डाँट-डपट, ताड़न, ताड़ना, दहशत, भिरकियाँ ।

२४७. धमकाना—आँख दिखाना, आतंकित करना, घुड़कना, घुड़की देना, डपटना, डाँटना, डाँटना-डपटना, ताड़ना, दहलाना, धमकी देना, भिरकना, भिरकियाँ देना, फटकारना, फिटकारना भय दिखाना, हड़गाना ।

२४८. घुड़कना—घुड़कना, घुड़की देना, घुड़कना, डपटना, डाँटना, भड़पना, भिड़कना, फटकारना, झिगड़ना ।

२४९. धाक—अकधक, अपडर, अपभय, आतंक, आशंका, क्षोभ, खटका, ख़तरा, त्रसन, त्रासन, दबदबा, दर्प, प्रभाव, भैमोर, रोब, शंका, सहम, साका, साका, साख, हराम, हवल, हहर, हौल ।

२५०. धाक जमना—धाक बंधना, धाक बैठना, धाक होना, रोब गालिब होना, रोब जमना, रोब होना, रौब जमना ।

२५१. धाक जमाना—धाक जमाना, धाक बाँधना, धाकना, रोब गाँठना, रोब ग़ालिब करना, रोब जमाना।

२५२. धाकड़—तेज़, तेज़तर्रार, मर्द, रोबदार, शेर, हिम्मती।

२५३. विश्वास—इतबार, एतबार, पतियारा, परतीत, प्रतीति, प्रत्यय, बिसवास, बिसास, भरोसा, भाव, यक़ीन।

२५४. विश्वास करना—एतबार करना, पतियाना, प्रतीति करना, प्रतीति मानना, मानना, यक़ीन करना, यक़ीन रखना।

२५५. विश्वसनीय—क़ाबिलेइतबार, परतीती, विश्वस्त, विश्वासपात्र, विश्वासी।

२५६. अविश्वसनीय—अविश्वासी, विश्वासघाती, बिसिन, बेएतबारी।

२५७. विश्वासघात—अपघात, कपट, छल, धोका।

२५८. चिढ़—कुढ़न, खिजलाहट, खिझ, खीज, खीझ, झल्लाहट, झुंझलाहट, रोष।

२५९. चिढ़ना—कुढ़ना, किटकिटाना, खिजलाना, खीजना, खीझना, चिड़चिड़ाना, झल्लाना, झीखना, बिगड़ना, रिगना, सतराना। दे० 'क्रोधित होना'।

२६०. चिढ़ाना—औरसाना, अनखाना, कुढ़ाना, खिजलाना, खिझाना, चिढ़ाना, रिगाना।

२६१. स्पर्द्धा—उपराचढ़ी, उपरौउपरा, चढ़ाउपरी, प्रतिद्वंदिता, रीस, होड़।

२६२ ईर्ष्या—अक्षमता, अनख, असूया, ईषणा, ईर्षा, ईर्ष्या, कुढ़न, खार, जलन, डाह, द्वेष, द्वेषणा, मत्सर, मत्सरता, रश्क, राग, रोस, विद्वेष, विरोध, वैर, शत्रुता, साल, हंस, हसद, हिसका, हीस।

२६३. ईर्ष्या करने वाला—ककनखुरा, अदेखी, ईर्षालु, डाही, मत्सरी।

२६४ कृतघ्न—अकृतज्ञ, कृतघ्नी।

२६५. कृतज्ञ—अनुगृहीत, आभारी, ऋणी, एहसानमंद, ममनून, शुक्रगुज़ार।

२६६. कृतघ्नता—अकृतज्ञता।

२६७. कृतज्ञता—आभार, ऋण, एहसान।

२६८. धूर्त—ऐबी, कपटी, कितव, कुटिल, क्षुद्र, खल, खोट, खोटा, चतुर, चालाक, चालिया, चाली, चुलबुला, छद्मी, छलछंदी, छलहाई, छलिया, छली, छुद्र, जिह्म, ठग, दगादार, दगाबाज़, दुराचारी, दुर्जन, दुष्ट, धूत, धोखेबाज़, नटखट, फ़रेबी, प्रवंचक, बदमाश, बचक, मक्कार, मायाविनी, मायावी, मायिक, लुच्चा, वंचक, व्याजी, शरीर।

२६९. धूर्तता—कपट, कुटिलता, कुटिलपन, कुटिलाई, खोटाई, चतुराई, चाल, चालबाज़ी, चालाकी, छल, छलछंद, छलछिद्र, छलाई, ठगपना, दग़ा, दग़ाबाज़ी, दुर्जनता, दुष्कर्म, दुष्टता, नटखटता, नटखटी, पाजीपन, पाजीपना, बदमाशी, मक्कारी, वंचकता, शरारत।

२७०. धूर्तता करना—कुटिलाई करना, छलछंद करना, छलना, ठगना, चाल चलना, चालबाज़ी करना, छटना, धोखा देना, प्रवंचना देना, भरमाना, भुलवाना, भुलावा देना, भ्रम में डालना, वंचन करना, वंचना देना।

२७१. बदमाश—आवारा, गुंडा, नंगा,

नंगा, बदमाश, लुच्चा, लोफ़र, वारा, शरारती, शरीर, शोहदा।
२७२. बदमाशी—आवारापथी, गुंडई, नंगपना, नंगई, नंघई, लुच्चई, लोफरी, शरारत।
२७३. स्वार्थ—अपरतो, ख़ुदगर्ज़ी, गरज़, मतलब, स्वार्थता, स्वार्थपरता।
२७४. स्वार्थी—खुदगरज़, गरज़मद, गरज़ी, गरज़ू, मतलबी, स्वार्थपर, स्वार्थ-परायण, स्वार्थान्ध।
२७५. मित्रता—अनुकूलता, अप्रतिकूलता, अविरुद्धता, इठाई, दोस्ताना, दोस्ती, मिताई, मित्रता, मित्रत्व, मित्राई, मुआफ़िक़ता, मैत्री, याराना, यारी, सख्य, सख्यता, सौहार्द, सौहार्द्य।
२७६. शत्रुता—अकस, अदावत, अनबन, अनरस, खटपट, गांस, गाँठ, चिढ़, झगड़ा, दुश्मनी, द्वेष, प्रतिकूलता, बिगाड़, मुख़ालिफ़त, मनमोटाव, रंजिश, रिपुता, लड़ाई, लाग, लागडॉट, विद्वेष, विद्वेषण, विद्रोह, विरुद्धता, विरोध, वैमनस्य, वैर, शत्रुताई, सत्रुता।
२७७. संग—संग, संगत, संगति, संगसाथ सहचार, सहवास, सोहबत, हेलमेल।
२७८. पटना—चलना, दोस्ताना होना, दोस्ती रहना, दाँत काटी रोटी होना, मिलना, बनना, मित्रभाव होना, मैत्री होना।
२७९. न पटना—दुश्मनी होना, बिगड़ना, बिगाड़ होना, बैर होना, वैमनस्य होना, शत्रुता होना।
२८० झगड़ना—कलह करना, जूझना, झकझक करना, झगड़ना, झगड़ा करना, झगरना, बकझक करना, भिड़ना, तकरार करना, मुँहजोरी करना, मुहाँमुँही करना, लड़ना, लड़ाई करना, वादाविवाद करना, विवाद करना, हुज्जत करना।
२८१ झगड़ालू—कलहकारी, कलहप्रिय, कलहारी, कलहा, झगड़ालू, झगड़ी, झगरी, लड़ाक, लड़ाका, लड़ाकू।
२८२. लड़ना (युद्ध)—जंग चढ़ना, जंग जुरना, जुझार करना, जूझना, झपकना, झपटना, भिड़ना, मारकाट करना, युद्ध करना, रंगमचाना, लड़ना, लड़ाई करना।
२८३. विरोध—अनैक्य, प्रतिकूलता, विपरीतता, विपक्षता। दे० 'शत्रुता'।
२८४. विपक्षी—प्रतिद्वन्द्वी, प्रतिपक्षी, प्रतियोगी, प्रतिवादी, प्रतिस्पर्द्धी, मुख़ालिफ़, विपक्षी, विरोधी, स्पर्द्धी। दे० 'शत्रु'।
२८५ अनुकूल—अप्रतिकूल, अविरुद्ध, पक्ष मे, मुआफ़िक।
२८६. प्रतिकूल—अननुकूल, उलटा, ख़िलाफ़, विरुद्ध।
२८७. चढ़ाई—अभिक्रमण, अभियान, आक्रमण, आरोहण, प्रयाण, धावा, यान, यज्या, हमला, हल्ला।
२८८ विजय—उन्नति, जय, जयश्री, जित, जीत, जैत, ज़फ़र, फते, फतेह, फ़तूह, विजय, विजै, विभव वृद्धि।
२८९. हार—पराजय, अपजय, अवनति, पराजय, पराभव, भंग, शिकस्त, शिकस्तगी, हराई, हार।
२९०. विजयी—जयत, जित, जितवार, जितवैया, जित्वर, जेता, जैतवार, फ़तेहमंद, विजयक, विजयशील, विजयी, विजेता।

२६१. **हराना**—आक्रांत करना, थकाना, दबाना, पराजय देना, पराजित करना, पराभूत करना, परास्त करना, पीछे हटाना, विजित करना, शिकस्त देना, शिथिल करना, हार देना। दे० 'जीतना'।

२६२. **हारना**—आक्रांत होना, पराजित होना, पराभूत होना, परास्त होना, पीछे हटना, विजित होना, शिकस्त खाना, शिथिल होना, हार खाना।

२६३. **जीतना**—फ़तह पाना, फ़तहयाब होना, विजय श्री हाथ रहना, विजयी होना, विजित करना। दे० 'हराना'।

२६४. **आचरण**—आचरन, आचार, आचार-विचार, चरित, चरित्र, चलन, चाल, चाल-चलन, रहन-सहन, विचार, व्यवहार, शील।

२६५. **आचरना**—अचरना, आचरण करना, व्यवहरना, व्यवहार करना।

२६६. **आचरण करने योग्य**—आचरणीय, करणीय, करतव्य।

२६७. **सदाचार**—अदब, ऋजुता, क़ायदा, तहज़ीब, भद्राचार, भलमनसत, भलमनसाहत, भलमनसी, शराफ़त, शालीनता, शिष्टता, शिष्टाचार, शीलता, शुभाचार, सज्जनता, सज्जनताई, सदाचरण, सभ्यता, साधुता, सुजनता, सौमन्यता।

२६८. **दुराचार**—दुर्जनता, बदतहज़ीबी, अत्याचार, अशालीनता, असज्जनता, बेअदबी, बेक़ायदगी।

२६९. **व्यभिचार**—ऐयाशी, ऐश, ऐश-आराम, कुकर्म, ग्राम्यकर्म, घाट, छिनार, छिनारा, छिनाल, ज़िना, बलात्कार, भोग, भोगविलास, विषय, विषय-वासना। दे० 'मैथुन'।

३००. **सदाचारी**—ऋजु, बाअदब, बातहज़ीब, भलेमानुस, शालीन, शिष्ट, सजन, सज्जन, सभ्य, सरीफ़, सहृदय, सदाचारी, सुशील। दे० 'धर्मात्मा'।

३०१. **दुराचारी**—अत्याचारी, अशालीन, अशिष्ट, असज्जन, दुर्जन, बदतहज़ीब, बेअदब। दे० 'पापी'।

३०२. **व्यभिचारी**—अधम, कामवान, कामातुर, कामी, कामुक, कुकर्मी, कुत्सित, कुपथगामी, कुमार्गी, ग्राम्यकर्मी, घटिहा, छिनरा, छिनार, छिनारी, दुश्चरित, दुश्चरित्र, नष्ट, पतिता, परस्त्रीगामी, भोगी, बद, बदकार, बदचलन, विलासी, बुड्ढा, बुरा, मेहरा, विलासी, विषयी, लुच्चा, स्त्रैण।

३०३. **पुण्य**—अनघ, उत्तमश्लोक, किवि. धर्म, पावन, पुण्य, पुन, वृष, शुभादृष्ट, शोभन, श्रेय, सत्कर्म, सुकृत, सुगंधि। दे० 'सदाचार'।

३०४. **पाप**—अहस, अघ, अत्यय, अत्याचार, अधर्म, अनमाथ, अपकर्म, अपकृति, अपधर्म, अपराध, अपवाद, अशुभ, आर, उपपात, एन, एनस, कल्क, कदन, कर्दम, कबुर, कल्मष, कलमल, कलिमल, कलुष, कल्क, कश्मल, किल्विष, किल्विष, कुकृत, कृतांत, गुनहगारी, गुनाह, दुरिदृष्ट, दुरित, दुरिष्ट, दुश्चष्टित, दुष्कृत, दोष, पंक, पातक, पाप, पापक, वृजिन, शल्यक। दे० 'दुराचार'।

३०५. **धर्मात्मा**—धर्मात्मा, धर्मी, धार्मिक, शुभकर्मी, शुभाचारी, सदाचारी।

१०६. पापी—अघी, गुनहगार, गुनही, दुष्टात्मा, दोषी, पातकी, पापकर्मा, पापचारी, पापात्मा, पापी, पामर।

१०७. पापनाशक—अघहंता, अघारि, पापनाशन, पापनाशी।

१०८. पाखंड—आडंबर, छंद, छलछंद, ढकोसला, ढोंग, ढोंगबाज़ी, बखेड़ा, पखंड, पहँडक, बनाव, बनावट, मिथ्याडंबर।

१०६. पाखंडी—आडंबरी, ऊपरी, ढोंगी, ढकोसलाबाज़, दिखावटी, धर्मध्वजी, पँहड़की, पखंडी, बगुलाभगत, बनावटी, बहानेबाज़।

११०. कुकर्म—अकर्म, अपकरम, अपकर्म, अपकारज, अपकार्य, अपकृत्य, कुकरम, दुष्करम, दुष्कर्म, दुष्कृत्य, पाप, फेल, बदफेल। दे० 'दुराचार' 'पाप'।

१११. शुभकर्म—दे० 'सदाचार' 'पुण्य'।

११२. कुकर्मी—अपकरम, अकर्मी, अपकरमी, अपकर्मी, कुकरमी, दुसकरमा, दुष्कर्मी, दुष्कृती। दे० 'दुराचारी', 'पापी'।

११३. सुकर्मी—शुभकर्मी, सत्कृती। दे० 'सदाचारी', 'धर्मात्मा'।

११४. कलंक—अपराध, कलुष, दाग, दूषण, दोष, धब्बा, लाञ्छन। दे० 'पाप'।

११५. कलंकित—अकलंकी, कलंकी, कलुषित, कलुषी, दागी, दूषित, लाञ्छित।

११६. अपराध—अभियोग, कसूर, खराबी, ग़लती, गुनाह, दूषण, दोष। दे० 'पाप' 'कलंक', 'दुराचार'।

११७. निरपराधी—निर्दोष, निरपराधी, निर्दूषण, निर्दोष, निर्दोषी, बेकसूर, बेगुनाह, बेदाग, साफ़, स्वच्छ।

११८. अपराधी—अपराधी, कलंकित, अभियोगी, कसूरमंद, कसूरवार, कसूरी, खोट, खोटा, गुनहगार, गुनही, गुनाही, दोखी, दोषयुक्त, दोषी, पापी।

११९. दूषणीय—दूषनीय, दूष्य।

१२०. दूसरे पर दोष लगाने वाला—दूषक।

१२१. लाज—अनी, आकुंठन, आबरू, आर, कानि, खिसी, ग़ैरत, त्रप, झेंप, तकल्लुफ़, त्रपा, पत, मदाख, मंदास्य, मुरव्वत, लज, लज्जा, लिहाज़, व्रीड, व्रीडा, शरम, शर्म, सकोच, सकुचाहट, सकुचाई, सहम, हया, ह्री, ह्रीत्व।

१२२. लज्जाशील—अप्रतिभ, खिसौंहा, मुरव्वती, लजाधुर, लजालु, लजीला, लजोर, लजोहा, लजौंहा, लज्जावान, लज्जाशील, शर्मीला, सकुचौंहा, संकोची, सलज्ज, हयादार, हयावान।

१२३. लज्जावती—लजीली, लज्जावती, लज्जाशील, शर्मीली।

१२४. निर्लज्ज—अपत, निलजी, निलज्ज, निलज्जी, निर्लज्ज, निर्लज्जी, निःसकोची, बेशरम, बेशर्म, बेहया, व्रीड़हीन, सकोचहीन, सकोचविहीन, हयाहीन।

१२५. लज्जाशीलता—तकल्लुफी, शर्मिंदगी, सकोच, हयादारी।

१२६. निर्लज्जता—अपतई, ढिठाई, निलजता, निलज्जता, बेशर्मी, बेहयाई, रिजानी, व्रीड़ाहीनता।

१२७. लज्जित—झेंपित, झेंपा, लाज, लज्जित, शर्मिंदा, सकुचित, व्रीडावनत।

१२८. लजाना—चपना, झेंपना, झेपना, लजाना, लज्जित होना, लाज करना, व्रीडा करना, व्रीड़ानत होना, शर्म से

गड़ना, शर्म से पानी-पानी होना, शर्माना, शर्मिन्दा होना, संकोच करना, सकपकाना, सकुचाना, सिमटना, हया करना।

३२६. लजवाना—गड़वाना, झिपाना, झेंपाना, लजवाना, लजाना, लज्जित करना, शर्मवाना, शर्मिन्दा करना, संकुचित करना।

३३१. मस्त—अलमस्त, औढर, औला मौला, मग्न, मतवाला, मस्त, मदपूर्ण, मदोन्मत्त, मनमौजी, मस्ताना, लहरी, सैलानी।

३३२. फिकरमस्त—कामकाजी, कामकाजू, कार्यव्यस्त, व्यस्त।

३३३. मस्ताना—अलमस्त होना, मत्त होना, मस्त होना, मस्ती में आना, मौज में आना, मौज में होना, लहराना।

३३४. मस्ती—अलमस्ती, उन्मत्तता, खीवन, खीवनि, निश्चितई, निश्चितता, फ़रागत, मत्तता, मत्तताई, मतवालापन, मदोन्मत्तता, मौज लहर, लापरवाही, सुचितई, सुचिताई, सुचिताही।

३३५. पागल—उन्मत्त, झक्की, दीवाना, धुनवाला, परवाना, बावला, मूर्ख, विक्षिप्त, सनकी, सिड़ी।

३३६. ठीक—चैतन्य, शांत, होश में।

३३७. पागलपन—उन्मत्तता, झक्क, धुन, सनक, सिड़।

३३८. पगलाना—उन्मत्त होना, दिमाग़ ख़राब होना, पागल होना, प्रमत्त होना, बाई लेना, बावला होना, सनकना, सनकी होना, सर उलटना।

३३९. धुन—झक, झक, टवरी, टौरी, धुन, रट, रर, लगन, लगनि, लाग, लौ, [illegible], हवा।

३४०. उन्मत्त—उत्कट, उन्मत्त, उन्मादी, क्षीव, ख़फ़्ती, ख़ब्ती, पागल, बाउर, बावरा, बावला, मत्त, मतवार, मतवारा, मतवाला, मतिभ्रष्ट, मदी, बौराह, विक्षिप्त, शौंड, सनकी, सिड़ी।

३४१. उन्माद—उनमत्तता, उन्माद, ख़फ़्त, ख़ब्त, चित्तविभ्रम, जुनून, झल्ल, दीवाना पन, पागलपन, बावलापन, भ्रांति, वह-शत, सनक, सिड़, सिड़ीपन, सौदा।

३४२. इज़्ज़त—अदब, अभिगम, आदर, आदरभाव, आदर-सत्कार, आबरू, आव भगत, आस्था, ऐश्वर्य, क़दर, कीरति, कीर्ति, ख़ातिर, ख़ातिरतवाज़ा, ख़ातिरदारी, ख़ातिरी, गौरव, पत, पतपानी, परिमिति, प्रतिष्ठा, पुरस्कार, पूजन, पूजा, बड़प्पन, बड़ाई, महत्व, महानता, मान, शिष्टाचार, सत्कार, सन्मान, समादर, सम्मान।

३४३. इज़्ज़त करना—अर्चना, आदर देना, आदरना, इज़्ज़त देना, पूजना, प्रतिष्ठा देना, मानना, श्रद्धा देना, सम्मान देना, सम्मानना।

३४४. इज़्ज़तदार—आदरप्राप्त, आदृत, गौरवशाली, पूजित, मानित, मानी, सम्मानित। दे० 'माननी', 'मशहूर'।

३४५. बेइज़्ज़त—अनादृत, अपकृत, अपमानित, अवज्ञात, अवहेलित, ख़्वार, ज़लील, तिरस्कृत, परिभूत, बेआबरू, बेक़दर। दे० 'निंदित'।

३४६. बेइज़्ज़त करना—अपमानना, अवज्ञा करना, अवहेलना, अवहेला करना, इज़्ज़त उतारना, ज़लील करना, निदरना, पानी

उतारना, प्रतिष्ठा भंग करना, बेआबरू करना, बेइज़्ज़ती करना ।

३४७. बेइज्जत होना—अपमानित होना, ज़लील होना, ज़िल्लत उठाना, जिल्लत पाना, निरादृत होना, बेपानी होना ।

३४८. बेइज्जती—अनादर, अपकर्ष, अपकार, अपमान, अप्रतिष्ठा, अभरन, अवज्ञा, अवहेलना, अवहेला, ख्वारी, जिल्लत, तिरस्कार, नामूसी, निरादर, बेइज़्ज़ती, बेकदरी, मानहानि, हतकइज़्ज़त । दे० 'निंदा' ।

३४९. मशहूर—ख्यात, ख्यातिप्राप्त, धाकड, नामवर, नामी, प्रकाशमान, प्रख्यात, प्रसिद्ध, विख्यात, सरनाम ।

३५०. बदनाम—कुख्यात, नबरो, नामज़द । दे० 'बेइज़्ज़त' ।

३५१. मशहूरी—ख्याति, जस, नाम, नामवरी, प्रसिद्धि, यश, विरद, शोहरत, शोहरा ।

३५२. बदनामी—कुख्याति, नामतल्ली । दे० 'बेइज्जती' ।

३५३. यशस्वी—कीर्तिमान, नामवर, जसी, नेकनाम, यशी, यशाल ।

३५४. माननीय—आदरणीय, ईज्य, गण्यमान्य, गण्य, गण्यमान्य, परमेज्य, नमनीय, पूजनीय, पूजमान, पूज्य, पूज्यनीय, पूज्यपाद, प्रतीक्ष्य, माननीय, मान्य, वंदनीय, भजंय, श्रेष्ठ, वर, वर्य, सम्मान्य, स्मरणीय ।

३५५. प्रशंसा—अभिवंदन, अभिवदना, अभिवादन, गुणकीर्तन, जस, तारीफ़, प्रशंसा, प्रशस्ति, बखान, बड़ाई, महिमा, यश, श्लाघा, सराह, सराहना, स्तवन, स्ताव, स्तुति, स्तोत्र, स्तोम ।

३५६. धिक्कार—झिड़की, डाँट, डाँट-डपट, डाँट-फटकार, तर्जन, थुक्का-फ़ज़ीहत, थुड़ी, थुड़ी थुड़ी, दुतकार, धिक, धिक्कार, फटकार, फिटकार, भर्त्सना, लथाड़, लानत, लानतमलामत, लिथाड़ ।

३५७. अपनी प्रशंसा—आत्म-प्रशंसा, आत्मश्लाघा ।

३५८ प्रशंसनीय—अभिवंदनीय, कथनीय, क़ाबिलेतारीफ़, प्रशस्य, वर्णनीय, श्लाघनीय, श्लाघ्य, सराहनीय, स्तवनीय, स्तवितव्य, स्तव्य, स्तव्य, स्तोतव्य, स्तोम्य ।

३५९. प्रशंसना—तारीफ़ करना, प्रशंसा करना, अच्छा कहना, तारीफ़ करना, बखान करना, बखानना, बड़ाई करना, यश गाना, विरद गाना, सराहना करना, स्तवन करना ।

३६०. धिक्कारना—अपवाद करना, खरी-खोटी सुनाना, झिड़कना, झिड़की देना, तिरस्कार करना, थूकना, थुड़ी थुड़ी करना, थू थू करना, दुतकारना, दुटकारना, धिक्कारना, निंदना, निंदा करना, फटकारना, फिटकारना, फिटकार सुनाना, लानतमलामत करना ।

३६१. झिझकारना—अनादर करना, अवज्ञा करना, अवहेलना करना, अवहेला करना, अश्रद्धा करना, उपटना, झझकारना, झटकना, झिझकारना, झिटकारना, झिड़कना, डाँटना, फटकारना, तिरस्कार करना, दुदुकारना, हटाना ।

३६२. बुद्धि—अक्ल, ज़िहन, ज़ेहन,

दिमाग़, धारणा, धी, बूझ, बूझन, मस्तिष्क, समझ ।

३६३. बुद्धिमान्—अक़लमद, अभिज्ञ, अक़्लमंद, आगर, कुशल, कृती, कोविद, चतुर, ग्यानी, ज़हीन, जानकार, ज्ञानी, दक्ष, दिमाग़दार, दिमाग़ी, धीमान, नागर, निष्णात, बुधवान, बुद्धवान, बुद्धिवान, बुद्धिवंत, बुद्धिशाली, बुद्धिशील, मतिगर्भ, मतिमत, मतिमान, मतिवत, मनस्वी, मनीषि, मनीषी, मेधावी, लायक़, विज्ञ, विदग्ध, विवेकवान, विवेकी, विशारद,समझदार, सयाना, सुरता, सुराप, सुरापी, हुसियार, हुस्यार, होशियार ।

३६४. बुद्धिहीन—अज्ञ, अज्ञानी, अनजान, अपढ़, अप्रतिभ, अबूझ, अबोध, अहमक़, उजड्ड, उजबक, गँवार, उल्लू, कुंदज़ेहन, गदहा, गावदी, गोबरगनेश, घपुआ, घपोकानद, घप्पू, घोंच, घोंचू, चुप्पा, जड़, नासमझ, निर्बुद्धि, पंडितम्मन्य, पांडित्याभिमानी, पागल, बछियाटिक, बज्रमूर्ख, बड़बावला, बाँगड़ू, बाउर, बावर, बावला, बुद्धिविहीन, बुद्धिहत, बुद्धिहीन, बुद्धू, बेअक़्ल, बेवक़ूफ़, बोदा, भकुआ, भुच्चड़, भैंस, भोंदू, मंदबुद्धि, मूढ़, मूरख, मूरुख, मूर्ख, लठ, लंठाधिराज, शिकारपुरा, सुस्त, स्तब्धमति, हतबुद्धि ।

३६५. बुद्धिमानी—अक़्लमदी, अभिज्ञता, आगरता, कुशलता, ज्ञान, ज़हनियत, जानकारी, दक्षता, बुद्धिशीलता, मेधाविता, लायक़ियत, समझदारी, होशियारी ।

३६६ बुद्धिहीनता—अज्ञानता, अपटुत्व, अपाटव, उजड्डपन, गदहपन, कुंदज़ेहनी, घोंचपना, जड़ता, जड़ताई, जड़त्व, जहालत, नादानी, नासमझी, पागलपन, बाँगड़ूपन, बेअक़ली, मूढ़ता, मूढ़ताई, मूरखपन, मूर्खता, मौर्ख्य, लंठता, लंठताई, बेवक़ूफ़ी । दे० 'अज्ञता' ।

३६७. चतुर—अमुग्ध, अमूक, अमूढ़, उस्ताद, ऐयार, कपटी, कुशल, घुटा, चंट, चगड़, चतुरा, चालबाज़, चालाक, चाँई, छलिया, छली, जानपनी, दुनियादार, दुनियावी, धी, धूर्त, धोकेबाज़, नागर, निपुण, पटु, प्रतारक, प्रवीण, भुक्तभोगी, सयाना, सुघड़, हज़रत, हिरफ़तबाज़, होशियार । दे० 'बुद्धिमान' ।

३६८. चतुराई—उस्तादी, ऐयारी, कपट, कुशलता, कौशल, चतुरई, चतुरता, चतुरपन, चतुराई, चातुरी, चातुर्य, दक्षता, दुनियादारी, नगराई, निपुणता, निपुणताई, निपुनई, पटुता, पटुत्व, बुद्धिमत्ता, हुनर, होशियारी ।

३६९. सोचना—ग़ौर करना, ग़ौर फ़रमाना, चिंतन करना, चिंतना, दिमाग़ लड़ाना, ध्यान करना, बिचारना, मनन करना, मस्तिष्क करना, याद करना, विचार करना, विचारना, सोचना, सोचना-विचारना ।

३७०. सिर खपाना—माथा खपाना, माथा-पच्ची करना, सिर पच्ची करना ।

३७१. दिल्लगीबाज़—कज़ाकी, कज़्ज़ाक़ी, चुहलबाज़, ठट्ठेबाज़, ठठोल, दिल्लगीबाज़, मख़ौली, मसख़रा, मसख़रेबाज़, हँसमुख, हँसोड़, हँसोर ।

३७२ मज़ाक़—उपहास, ठट्ठा, दिल्लगी, दिल्लगी, प्रहसन, मख़ौल, मसख़रापन,

मसख़री, हँसन, हँसित, हँसी, हास, हाँसी।

३७३. मज़ाक उड़ाना—ठट्ठा मचाना, दिल्लगी करना, बनाना, मूर्ख बनाना, हँसी करना, हँसी मचाना। 'मज़ाक' के पर्यायों में 'करना', 'मचाना, 'उड़ाना' जोड़कर और शब्द बनाइए।

३७४. तैयार—उतारू, उपस्थित, तत्पर, प्रस्तुत, होशियार। 'तैयार होना' के लिए ऊपर के शब्दों में 'होना' जोड़कर शब्द बनाइए।

३७५. तैयारी—तय्यारी, संभार, सामान।

३७६. मुस्तैद—अतंद्रिक, अनलस, उद्यत, उन्मुख, तत्पर, तैयार, प्रस्तुत, सन्नद्ध।

३७७. मुस्तैदी—तत्परता, तैयारी, मुस्तैदी, सन्नद्धता।

३७८. प्रचंड—अदीन, उग्र, उत्कट, तीव्र, तेज़, भयंकर, भयानक, भयावह, भीषण, विकट।

३७९. प्रचंडता—उग्रता, उत्कटता, डरावनापन, तीव्रता, तेज़ी, भयंकरता, भयानकता, भयावहता, भीमता, भीषणता, विकटता।

३८०. ज़िम्मेवार—उत्तरदायी, उत्तरदाता, जवाबदेह, जिम्मावार, जिम्मेदार।

३८१. ज़िम्मेवारी—उत्तरदायित्व, जवाबदेही, जिम्मा, जिम्मावारी, जिम्मेवारी।

३८२. अनुभवी—अनुभवप्राप्त, तजरबेकार, तजुरबेकार, तजुर्बेकार, भुक्तभोगी, वाकिफ़।

३८३. अनुभव—अनुभूति, आज़माइश, तजरबा, तजुर्बा, वाक़फ़ियत।

३८४. अनुभूत—आज़माया, आज़मूदा, जाना, परखा, ज्ञात, परीक्षित।

३८५. स्वाभाविक—नैसर्गिक, प्रकृतिस्थ, प्रकृतिसिद्ध, प्राकृत, प्राकृतिक, सहज, सहजात, सुभायक, स्वभावज, स्वाभाविक।

३८६. अस्वाभाविक—अनैसर्गिक, अप्राकृत, अप्राकृतिक, अस्वभावज, कृत्रिम।

३८७ स्वाभाविकता—अकृत्रिमता, नैसर्गिकता, प्राकृतिकता, सहजता, सहजातता।

३८८. अस्वाभाविकता—अनैसर्गिकता, अप्राकृतिकता, अस्वाभावजता, कृत्रिमता।

३८९. नंगा—अवस्त्र, अनावृत, उघैना, गबेना, उबेने, दिगंबर, दिग्पट, धड़ंग, धुड़ंगा, नंगधड़ंग, नंगधड़ंगा, नंगमुनंगा, नंघा, नगन, नग्न, नाँगा, वस्त्रविहीन, निहंग, वस्त्रहीन, विवस्त्र।

३९०. नंगापन—दिगंबरता, नगता, नंगापन, नंघापन, नग्नता।

३९१. सहनशील—ग़मख़ोर, शांत, सहिष्णु, सहैया।

३९२. असहनशील—असहिष्णु, असहैया, चिड़चिड़ा, तुनकमिजाज़।

३९३. न सहने योग्य—असह्य, असहनीय, असह्म, दु:सह।

३९४. गुणी—करतबी, कलाकार, गुनी, योग्य, लायक, हुनरदाँ।

३९५. अवगुणी—ऐबी, औगुनी, ख़राब, खोट, खोटा, बुरा।

३९६. गुण—करतब, कला, गुन, फ़न, योग्यता, लियाक़त, विद्या, हुनर।

३९७. अवगुण—ऐगुन, ऐब, औगुण, औगुन, कज, कजी, कलंक, कसर, ख़राबी,

खोट, खोटाई, दूषण, दोष, दोषन, नुक्स, बुराई, विकार ।

३६८. योग्य—क़ाबिल, जोग, लायक़, समर्थ, सामर्थ्यवान ।

३६६. अयोग्य—अशक्त, असमर्थ, नाला-यक़, सामर्थ्यहीन ।

४००. योग्यता—क्षमाई, क्षमता, क़ाब-लियत, लायक़ियत, समरथ, सामर्थ्य ।

४०१. अयोग्यता—अशक्तता, असमर्थता, नाक़ाबलियत, नालायक़ी, सामर्थ्यहीनता ।

४०२. आदत—अभ्यास, टेव, बान, बाना, मश्क़, सद, स्वभाव ।

४०३. बुरी आदत—कुटेव, कुबान ।

४०४. ऐब लगाना—अंगुली उठाना, अपराध लगाना, दूषण लगाना, दूषना, दोष लगाना, दोषना, दोषारोपण करना, दोषी ठहराना ।

४०५. सच—ऋत, ठीक, यथार्थ, रास्त, वास्तविक, सत्य, सही ।

४०६. झूठ—अलीक, असत्य, झूठ, मिथ्या, मृषा ।

४०७. सचाई—असलियत, उपयुक्तता, औचिती, औचित्य, तथ्य, यथार्थता, रास्तगोई, वास्तविकता, सच्चाई, सच्चा-पन, सत्यता ।

४०८. झूठापन—असत्यता, झुठपन, झुठाई, मिथ्यात्व ।

४०९. सच्चा—रास्तगो, सत्यवक्ता, सत्य-वादी ।

४१०. झूठा—असत्यवादी, झुट्ठा, मिथ्या-वादी ।

४११. झुठलाना—झुठाना, झूठा ठहराना, झूठा बनाना, दोदना ।

४१२. असल—असली, खरा, शुद्ध, सच्चा, साफ़ ।

४१३. कमअसल—अशुद्ध, नकली, मिलावटी ।

४१४. पवित्र—अदूषित, अमनियाँ, अमल, अमलिन, निर्मल, पवित्तर, पावन, पुण्य, पूत, मेध्य, विमल, विशुद्ध, शुचि, शुद्ध, साफ़, स्वच्छ ।

४१५. अपवित्र—अपावन, अशुचि, अशुद्ध, अशौच, कच्चर, गंदा, दूषित, पाप, मलयुक्त, मलिन, मलो, मलीन ।

४१५. अ पवित्रता—पवित्ताई, पावनता, शुद्धता, सफाई, स्वच्छता ।

विशेष—'पवित्र' के अन्य पर्यायों में भी आवश्यकतानुसार 'ता', 'पन', 'पना' आदि जोड़कर, 'पवित्रता' के अन्य पर्याय बनाए जा सकते हैं ।

४१६. अपवित्रता—अपावनता, अशुद्धता, अशुद्धि, गंदगी, मलिनता ।

विशेष—'अपवित्र' के अन्य पर्यायों में भी, 'ता', 'पन' आदि जोड़कर, और शब्द बन सकते हैं ।

४१७ साधारण—मामूली, सधारण, सामान्य, सामान्यस्तरीय ।

४१८. असाधारण—अजीब, अजब, अजीबोग़रीब, अद्भुत, अनुपमेय, अनूठा, अनोखा, अप्रतिम, अपूरब, अपूर्व, आश्चर्यजनक, असामान्य, उपम, उमदा, औघड़, औपन्यासिक, ग़ज़ब, ग़ैरमामूली, चमत्कारी, निराला, न्यारा, लाजवाब, लामिसाल, विचित्र, विलक्षण, श्रेष्ठ ।

४१९. असाधारणता—अनूठापन, अना-

खापन, अपूर्वता, निरालापन, विचित्रता, विलक्षणता।

४२०. उचित—अच्छा, उपयुक्त, ऐन, ग्राह्य, खा, जायज़, ठीक, परिमित, मुनासिब, यथार्थ, युक्त, युक्तियुक्त, योग्य, रास्त, वाजिब, वाजिबी, श्रेयस्कर, संगत, सटीक।

४२१ अनुचित—अग्राह्य, अनखौहा, अनुपयुक्त, अपरिमित, अयथा, अयुक्त, अयोग, अयोग्य, असंगत, उलटा, खराब, खिलाफ, ग़ैरमुनासिब, ग़ैरवाजिब, नामुनासिब, प्रतिकूल, बेठीक, विपरीत, विरुद्ध।

४२१ अ. अवश्य—ज़रूर, निश्चिततः, निःसंदेह, लाज़िमी तौर पर।

४२१ आ. आवश्यक—अत्यावश्यक, अनिवार्य, अपेक्षित, आवश्यकीय, ज़रूरी, लाज़िमी।

४२१ इ. अनावश्यक—अनचाहा, अनिवार्य, अनपेक्षित, अनवांछित, निकम्मा, निरर्थक, निष्प्रयोजन, फज़ूल, बेफायदा, फोकट, रद्दी, व्यर्थ।

४२१ ई. आवश्यकता—अनिवार्यता, अपेक्षा, गरज, ज़रूरत, हाजत।

४२१ उ. बेकार—खाली, निकम्मा, निठल्ला, निठल्लू, बेकाम, बेकार, बेरोज़गार, बेरोज़ी।

४२१ ऊ. बाकार—कामकाजी, कामी, कार्यव्यस्त, नाखाली, बहुधंधी, बारोज़गार, बारोज़ी।

४२२. समान—अनुरूप, अनुसार, अनुहारिया, अनुहार, अभेद, अभेव, अमेव, इव, उनमान, एकरंग, एकसाँ, एकाकार, जैसा, तदनुरूप, तदाकार, तद्रूप, तरह, तुल्य, तूल, नाईं, नाहिन; निभ, पटतर, प्रतिम, बराबर, मानिंद, मिस्ल, मुआफ़िक, रूप, रूपी, सकाश, सदृश, सम, समकक्ष, सरिस, सरीखा, सवर्ण, सा।

४२३ असमान—अतुल, अतूल, अननुरूप, अप्रतिम, अबरन, अवर्ण, असम, असमान, लाजवाब, लासानी, बेतुका, बेमेल।

४२४. समानता—अनुरूपता, अभेदता, एकता, एकरूपता तदनुरूपता, तद्रूपता, तुल्यता, बराबरी, मुआफिकत, समता, समानता, सरवरि, सवर्णता, सादृश्य, सामञ्जस्य, सामान्य, साम्य, हमसरी।

४२५ बड़ा—अनल्प, गुरु, जगी, दिग्घ, दीर्घ, पृथु, बटाक, बड़गा, बड़वार, बबर, बरा, बहुत बड़ा, बाम, भारी, भीम, भीमकाय, मह, महत, महा, महान, रूरा, वर, वर्य, विकट, विभु, विराट, विस्तीर्ण, विस्तृत, बृहद्, शाह, श्रेष्ठ, सुदीर्घ, विभु।

४२६ छोटा—अल्प, उन्नीस, कम, कोता, कोताह, कृश, क्षुद्र, नन्हा, नन्हैया, मुख्तसर, लघु, सूक्ष्म, सूक्ष्म, ह्रस्व। दे० 'नीच'।

४२७. बड़ापन—अनल्पता, उच्चता, गुरुता, दीर्घता, पृथुता, बड़प्पन, भारीपन, भीमता, महतता, महत्ता, महानता, वरता, वर्यता, विकटता, विभुता, विराटता, विस्तीर्णता, विस्तृतता, बृहदता, श्रेष्ठता, सुदीर्घता।

विलोम—दे० 'छोटापन', 'नीचता'।

४२८. छोटापन—अल्पता, कोताही, क्षुद्रता, छुटाई, छोटाई, नन्हापन, लघुता, लाघव, सूक्ष्मता, ह्रस्व। दे० 'नीचता', 'अधमता'।

४२९. अधम—अत्यंतहीन, अधम, ऐरा-गैरा, ओछा, कमीना, क्षुद्र, घटिया, छिछोरा, छोटा, तुच्छ, तुच्छातितुच्छ, नाचीज़, निकृष्ट, निम्न, नीचगामी, नीचाशय, पोच, हीन। दे० 'बेइज़्ज़त', 'निंदित', 'बदमाश', 'नीच'।

विलोम—दे० 'इज़्ज़तदार', 'यशस्वी', 'बड़ा', 'माननीय', 'प्रशंसनीय'।

४३०. अधमता—अधमपन, अधमाई, ओछापन, कमीनापन, क्षुद्रता, घटिहाई, छिछोरापन, छोटाई, तुच्छता, निकृष्टता, निम्नता, पोचता, मंदता, हीनता। दे० "नीचता"।

विलोम—दे० 'बड़ापन'।

४३१. लम्बा—दिग्घ, दीर्घ, दीर्घकाय, दीह, प्रलंब, लंब, लंबा, लमछर, लमहर, लाँबा, लामा, सुदीर्घ।

४३२. लंबोतरा—आडील, लबातड़गा, लमतड़ंग।

४३३. लंबाई—प्रलंबता, लंबान, लंबापन, लाँबापन।

४३४ चौड़ा—अर्ज़दार, चकला, फैला, विस्तृत।

४३५. चौड़ाई—अर्ज़, चकलापन, चौड़ान, चौड़ापन, फैलाव, विस्तार।

४३६. नाटा—खर्व, गुठा, छोटा, ठुइयाँ, ठिगना, ठुमका, ठुमकी, ठेगना, नटरू, पोदना, बौना, मँदरा, वामन, ह्रस्व।

४३७. बौना—बहुत नाटा, वामन, बावन, बावनांगुल।

४३८. नन्हा—अनुदात्त, कोकनी, खंड, खुर्द, छोट, छोटा, जेबी, नान्ह, नान्हरिया, नान्हा, मुन्हा, लघु, लहुर, लहुरा।

४३९. नीच—अधम, ओछा, खोटा, तुच्छ, निकृष्ट, निम्न, नीच, बदज़ात, मद, हीन। दे० 'छोटा', 'अधम'।

४४०. उच्च—आकाश से बात करनेवाला, आर्य, ऊँचा, ऊर्ध, ऊर्द्ध्व, पूज्य, गगनचुम्बी, बड़ा, बराक, बलंद, बुलंद, महान्, श्रद्धेय, श्रेष्ठ, वर, वर्य। दे० 'बड़ा'।

४४१. नीचता—अधमता, अधमाई, ओछाई, ओछापन, कमीनापन, क्षुद्रता, खोटपन, खोटाई, छिछोरपन, छिछोरापन, तुच्छता, निकृष्टता, निम्नता, नीचताई, बदज़ाती, मंदता, हीनता। दे० 'छोटापन'।

४४२. उच्चता—आर्यता, ऊँचाई, बड़ाई, महानता, महिमा, श्रेष्ठता। दे० 'बड़ापन'।

४४३ शीघ्र—अचिर, अग, अविरत, अविराम, अविलंब, आनन, आशु, उताल, क्षिप्र, खटाखट, चट, चटपट, चपरा, चपल, चपार, जल्द, जव, झट, झटित, झप, तरसा, तड़ाका, तुरंत, तुरत तूर्ण, तेज़, त्वरा, त्वरित, द्रुत, पटु, फानन, फ़ौरन, लघु, वेग, वेगि, सत्वर, सद्य, सपदि, सबार, सहसा, स्पद, हरद, हाल, हौल।

४४४. शीघ्रता—अचिरता, अविरति, अचिराततता, आतुरता, आतुरताई, आतुरी, आशुता, उतावल, उतावली, उताल, उतालो, उतावगी, क्षिप्रता, चटक, चटकपना, चटकई, चटकारी, चटकाही, चटका, चटपटी, चटिक, जल्दबाज़ी,

जल्दी, तेज़ी, फ़ुर्ती, वेग, वेग, सटसट, सत्वरता, सरासरी, स्फूर्ति, हड़बड़ी।

४४५. सुस्त—अकर्मण्य, अक्रियल, अनुष्ण, अपटु, अपाहिज, अप्रतिभ, अलस, अवसन्न, अलहदी, अहदी, आलकसी, आलसी, आलकसी, कामचोर, काहिल, ढीला, धीमा, बुद, बोदा, मंद, रंक, सडर, लीचड़, शिथिल, शीतल, सर्द, सालस, हरामखोर।

४४६. सुस्ती—अकराल, अतत्परता, अनुत्साह, आरस, आलकस, आलस्य, ओन, काहिली, घूम, ढील, ढिलपना, ढीलाई, ढीलापन, शिथिलता, शिथिलताई, शैथिल्य।

४४७. धीमा—अहिस्ता, आहिस्ता, धीमा, धीरा, मंद, मंदर, मंदा, सुस्त।

४४८. जिसमें फुरती हो—अतन्द्रिक, उतावला, क्षिप्रहस्त, अनलस, जल्दबाज़, तेज़, सरावान, फुरतीला, फुर्तीबाज़, फुर्तीला, हड़बड़िया।

४४९. जिसमें फुरती न हो—दे० 'सुस्त'।

४५०. धीरे धीरे—अहिस्ता, आहिस्ता-आहिस्ता, धीमें-धीमें, शनैः-शनैः।

४५१. विलंब—अनगवन, अबेर, गहर, देर, बेर।

४५२ विलंब करना—अनगवना, अनमाना, अबेर करना, गहर करना, गहरना, चिर चिर करना, देर करना, देर लगाना, विलंबना, बिलमना, बेर करना।

४५३. प्रतीक्षा करना—अगोरना, आशावान होना, आशा देखना, आसरा देखना, इंतज़ार करना, इंतज़ार में रहना, चितवना, जोवना, जोहना, ताकना, ताक लगाना, देखना, प्रतीक्षा करना, बाट देखना, राह ताकना, राह देखना।

४५४. प्रतीक्षा—आसरा, इंतज़ार।

४५५. हर्ज—अकाज, खलल, नुकसान, बाधा, हानि।

४५६. हर्ज करना—अकाज करना, अकाजना, खलल डालना, नुकसान करना, बाधा डालना, समय बर्बाद करना, हरज करना, हानि करना।

४५७. भाग्य—अंक, अदृष्ट, करम, कर्म, किसमत, तक़दीर, दिष्ट, दैव, दैवगति, नसीब, नसीबा, नियति, परलब्ध, प्रारब्ध, भवित, भवितव्यता, भाग, भागधेय, भाग्य, भावी, मुक़द्दर, सितारा, होनहार।

४५८. अभाग्य—अदिन, अभाग, अभाग्य, अरिष्ट, दुर्दैव, दुर्भाग्य, प्रारब्धहीनता, बदक़िस्मती, बदनसीबी।

४५९. सौभाग्य—खुशकिस्मती खुशनसीबी, भग, भाग, सुभाग।

४६०. भाग्यवान—किस्मतवर, खुशकिस्मत, खुशनसीब, धन्य, पुण्यवान, भाग्यवान, भाग्यशाली, सौभाग्यशाली।

४६१. अभागा—कुभाग्यशाली प्रारब्धहीन, बदक़िस्मत, बदनसीब, भाग्यहीन।

४६२. रूप—आकार, आकृति, गढ़न, गठन, चेहरा, चेहरामोहरा, ढाँचा, तरह, तराश, वपु, बन, बनक, बनावट, बान, बानक, बेस, भेस, रूप, रौनक़, वर्ण, वेष, शकल, शक्ल, संघट्ट, सपट्टन, सरूप, सूरत, स्वरूप।

४६३. सुन्दर—अगना, अच्छा, अनुपम, अनुपमेय, अनूठा, अभिजात, अभिराम,

अलबेला, उमदा, कंचन, कमनीय, कलित, कोमल, खाशा, खूबसूरत, चगा, चक्षुष्य, चारु, चित्ताकर्षक, छबीला, टोरी, दर्शनीय, दिलचस्प, दिव्य, दुर्लभ, दृश्यमान, धजीला, नफ़ीस, नमकीन, नवरंग, नवल, नाक, परीज़ाद, प्रिय, प्रियदर्शी, प्रियरूप, फबीला, बढ़िया, बाँका, भव्य, मंजु, मंजुल, मधुर, मनभाया, मनभावन, मनमोहन, मनरोचन, मनहर, मनहरण, मनहरन, मनोज्ञ, मनोरम, मनोहर, रंगीला, रंगोरु, रति, रतिवंत, रम्भोरु, रमणीक, रमणीय, रमनी, रमनीय, रम्य, रुचिर, रूपमय, रूपमान, रूपवन्त, रूपवान, लघु, ललाम, ललित, लावण्ययुक्त, विमल, शोभन, सजदार, सजीला, सभाग, सरस, सरूप, सलोना, सारंग, सु, सुघट, सुघड़, सुघर, सुचारु, सुजात, सुठ, सुटार, सुठारु, सुठि, सुठोना, सुडौल, सुढर, सुढार, सुढारु, सुदेश, सुदेह, सुन्दर, सबुक, सुभा, सुमुख, सुमेरु, सुरंग, सुरस, सुरूप, सुरोचि, सुलच्छ, सुवेश, सुवेष सुवेसउ, सुशोभन, सुष्ठ, सुष्ठु, सोहाया, सौम्य, सौम्यदर्शी, स्वच्छ, स्वरूपवान, स्वादु, हसीन, हृदयग्राही, हृदयवेधी, हृदयहारी। दे० 'सुहावना', 'अच्छा'।

४६४. सुहावना—भला, सुहटा, सुहाना, सुहाया, सुहाव, सुहावता, सुहावन, सुहावना, सुहावला, सुहेलरा, सुहेला। दे० 'सुंदर'।

४६५. कुरूप—अदर्शनीय, अनगढ, अनरूप, अपरूप, कदाकार, कुडौल, कुत्सितरूप, कुदर्शी, कुमुख, कुरूप, गंवार, गोबरगनेश, दर, धूल, बोदा, निरूप, बदशकल, बदसूरत, बिलोम, बिहंगम, बूचा, बेडौल, बेढग, बेढंगा, बेढब, बेतुका, बेहंगम, भदेस, भदेसिल, भोंडा, भद्दा, भोंदा, भौंडा, मुछंदर, विरूप।

४६६. रूढ़—कड़ा, कड़ेर, चरेर, चरेरा, चैलठ, दिनी, रूर।

विलोम—दे० 'कोमल'।

४६७. सुंदरता—आब, अनूठापन, अच्छापन, अनोखापन, अपूर्वता, अलबेलापन, कांति, खूबसूरती, चारुता, छवि, छबीलापन, दिव्यता, दीप्ति, धज, नफ़ासत, नमक, नुनाई, निकाई, भव्यता, मधुता, मधुरता, मधुराई, मधुरिमा, मधुरी, मनहरता, मनोहरता, माधुरिमा, माधुरी, माधुर्य, रती, रमणीयता, रौनक, रुचिरता, रुचिराई, रूपता, रूप, ललामता, ललामी, ललितता, ललिताई, लावण्य, लालित्य, लावनता, लुनाई, लोनाई, विभव, विभाति, शोभा, श्री, सुंदरताई, सुंदरत्व, सुकरता, सुघड़मुना, सुघड़पन, सुडौलता, सुडौलपन, सुरूपता, सुषमा, सौंदर्ज, सौंदर्य, सौभग, सौम्यता, सौष्ठव, हुस्न।

४६८. कुरूपता—अनरूपता, अरूपता, कदर्य, कदाकारिता, कुरूपपन, बदशक्ली, बदसूरती, बेतुकापन, भद्दापन, भोंडापन, विरूपता।

४६९. भाना—अच्छा लगना, जँचना, ठीक लगना, निक लगना, नीक लागना, प्रिय लगना, माना, रुचना, सुहाना, सुहाना लगना, सुहावना लगना,।

४७०. अखरना—अखरना, अच्छा न लगना, कष्टकर लगाना, कष्टकर होना,

करकना, कसकना, खलना, गड़ना, चुभना, टाँसना, गोल मारना, बुरा लगना, सालना।

४७१. पसंद—मनोनीत, रुचिर, रुच्य।

४७२. लुभाना—आसक्त करना, अनुरक्त करना, खींचना, जी ललचाना, मन ललचाना, मुग्ध करना, मोहना, मोहित करना, रिझाना, रिझाना, लट्टू करना, लुभाना, ललचाना, विमोहित करना, सम्मोहना।

४७३. अलंकृत—भूषित, मंडित, विभूषित, विभूषित, विमंडित, सजा, सजा धजा, सजा बजा।

४७४. सुशोभित—दिव्य, विभूषित, विमंडित, शोभित, सुशोभन, सशोभित।

४७५. अच्छा—अच्छा, अनिंद्य, उत्तम, उत्कृष्ट, उमदा, उम्दा, ठीक, बढ़िया, भला, मिट्ठ, शार्दूल, श्रेय, श्रेष्ठ, सरस, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम।

४७६ बुरा—अवगुणी, कटु, खराब, गंदा, दुर्गुणयुक्त, दूषित, बिगड़ा, बेडौल, मकरूह, रद्दा। दे० 'कुरूप', 'बदमाश' 'बेइज्जत'।

४७७. अच्छाई—अच्छाई, अच्छापन, उत्तमता, उत्तमत्व, उत्कर्ष, उत्कर्षता, उत्कृष्टता, उम्दगी, बढ़ियापन, श्रेष्ठता। दे० 'सुंदरता'।

विलोम—दे० 'कुरूपता', 'बुराई'।

४७८. मंगलप्रद—आनंदकर, आनंदकारी, कल्याणकारी, कल्याणी, मंगलकारी, शुभ, शुभकर, शुभकारी, शुभप्रद।

४७९. मंगल—आनंद, कल्याण, कुशल, कुशलक्षेम, कुशलता, कुशलमंगल, कुशलाई, कुशलात, क्षेम, खैर, खैरियत, खैराफियत, भला, भलाई, शुभ।

४८०. अशुभ—अमंगल, अपशकुन, अशकुन, अशुभ, असगुन, दुश्शकुन, बुरा।

४८०. अ. साँवला—असित, करिया, काला, कृष्णवर्ण, कृष्णवर्णी, नील, नीला, पक्का रंग, पक्की रंगत का, मेचकवर्णी, श्याम, श्यामल, श्यामवर्ण, सँवराह, साँवर।

४८०. आ. गोरा—अवदात, गेहुँआ, गोर, गोराह, गौर, गोरांग, धवल, साफ।

४८१. काले मुँह वाला—करमुंहा, करमुहाँ, करिखमुहाँ, कलमुहाँ।

४८२. लाल मुँह वाला—बंदरमुहाँ, रतमुँहा, ललमुँहा।

४८३. एक मुखाकृत वाले—अनुहरिया, अनुहार, एकरूप, एकसा।

४८४. गंजा—खल्वाट, खोरहा, गंजी खोपड़ी, मुंडला।

४८५. जिसके सिर पर बाल न हो—मथमुंडा, मुंडा, मुंडला।

४८६ शिखावाला—चुंडित, चुंडावाला, चुटियावाला, चुटैयावाला, चुटैल।

४८७. जटाधारी—जटावाला, जटिल, झोंटइल, झोंटेवाला।

४८८. घुँघराला—उमेठवा, ऐंठदार, ऐंठनदार, कुंचित, कुटिल, घुघराला, घुमावदार, चक्करदार, छल्लेदार।

४८९. बड़ी मूँछ वाला—मुछंदर, मुछैल।

४९० बड़ी दाढ़ी वाला—दढ़ियल, दढ़ियल।

४९१. सुनयन—सुनैन, सुनैन, सुलोचन।

४९२. छोटी आँख वाला—चुंधा, चोंधला।

४९३. जिसकी कंजी आँख हो—कंजा, कैरा।

४९४. ऐंचाताना—अँइचाताना, कैंचा, भेंगा, सर्गपताली।

४९५. काना—एकअँखा, एकनयन, एकनेत्र, एकाक्ष, कनेठा, कनौड़ा, कागभुसुंडि, कर्ण, काण, कानड़ा, कानो।

४९६. अंधा—अंध, अंधक, अँधरा, अधा, अक्षहीन, अदृक्, अनक्ष, अनयन, अनेत्री, आँधर, आँधरा, चक्षुहीन, दिव्यचक्षु, धुन्दा, नेत्रविहीन, सूर, सूरदास।

४९७ अंधापन—अंधता, अंधापन।

४९८. मोटा—अंसल, अगड़बत्त, अछान, अतनु, अतिकाय, कट्टा, कुगड़ा, गठा, गठीला, ग्रंथिल, गुलगुथना, चाँगला, ठाढ़ा, डिंगर, तगड़ा, तुन्दिल, तैयार, थूला, दृढ़ांग, धतिंगड़, धींग, धींगड़, धींगड़ा, धींगरा, धौताल, पट्ठा, पाठा, पाढ़ा, पीन, पीवर, पुष्ट, पोढ़, पृथुलांग, बलवान्, बलिष्ट, बली, भकरा, भीम, भीमकाय, मोट, मांसल, मुस्टंडा, लहलहा, लहालह, लाल, सगीन, सडमुसंड, संडा, स्थूल, स्थूलकाय, हट्टाकट्टा, हेकड़। दे० 'दबीज़'।

